हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

12 काले शीशे व अेम्परेरी नंबर वाले वाहन चालकों पर करें कार्रवाई



12 हर घर स्वदेशी अभियान से भारत बनेगा मजबूत



## खबर संक्षेप



### प्रेस्टीज सदन ने 33 रनों से जीता क्रिकेट मैच

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा छठी से 12वीं के विद्यार्थियों बीच एक रोमांचक क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। टास जीतकर प्रेस्टीज सदन की सदन की टीम ने शानदार शुरुआत की और 76 रनों के साथ पारी समाप्त की। प्रेस्टीज सदन की टीम ने 33 रनों से मैच जीत लिया। मैन आफ द मैच का पुरस्कार आल राउंडर रूहान को दिया गया। रुहान ने 22 रन बनाए और एक विकेट ली। फाइटर आफ द मैच का पुरस्कार डिग्निटी सदन के शुभम को दिया गया।

### पाई गांव के पास 17 खंभों की तार चोरी

**खरखौदा।** पाई गांव के पास चोरों ने 17 खंभों से 2250 मीटर तार चुरा ली है। एसडीओ आशीष ने पुलिस थाना में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि 33 केवी मारुति लाइन की तार चोरी हो गई है। मौके पर क्षेत्र इंचार्ज को भेजा गया तो पाया कि 17 खभों की 2250 मीटर लंबाई की तार चोरी हो गई है। इस तार के चोरी होने से विभाग को 4 लाख 29 हजार 790 रुपए की वित्तीय हानि हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सट्टा खाईवाली करते दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत के थाना सदर पुलिस ने सट्टा खाईवाली की गतिविधि में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान रमन और रचित दोनों निवासी कबीरपुर, के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार 27 नवम्बर को सहायक उप निरीक्षक अजमेर टीम सहित कबीरपुर क्षेत्र में गश्त पर थे, इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि कुछ युवक ताश के पत्तों के जरिए रुपये लगाकर सट्टा खेल रहे हैं।

### कर्मियों ने एकमुश्त मांगा तीन महीने का बकाया वेतन

**गोहाना।** भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के कर्मचारियों ने तीन महीने के बकाया वेतन का एकमुश्त भुगतान करने की मांग की है। महिला विवि कर्मचारी संघर्ष समिति ने इस बारे विवि की कुलपति को पत्र लिखा है। समिति की सचिव डॉ. सुमन के अनुसार अपर्याप्त बजट के कारण पिछले कुछ महीनों से कर्मचारियों को नियमित वेतन नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में कर्मचारी अत्यधिक आर्थिक एवं मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं।

### ब्लैक में यूरिया खाद को बेचने की घटना में दो काबू

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस ने ब्लैक में यूरिया खाद बेचने की घटना में संलिप्त जिला पानीपत के पसीना खुर्द निवासी मनोज पुत्र रामकरण व जिला रोहतक के ईस्माइला निवासी सुनील पुत्र राजेन्द्र को गिरफ्तार किया है। किसानों की शिकायत और सीएम फ्लाइंग की गुप्त सूचना पर अधिकारियों ने गोहाना में 26 नवंबर को इफको सेंटर पर छापा मारा था।

### महिला ने पड़ोसी पर लगाया बेटी के गायब करने का आरोप

**खरखौदा।** शहर के वार्ड संख्या 7 में रहने वाली एक महिला ने पड़ोस में रहने वाली महिला पर अपनी बेटी के गायब करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसके पड़ोस में रहने वाली महिला उसकी बेटी को अपने घर बुलाकर लेकर गई थी। इसके बाद उसकी बेटी घर वापस नहीं आई है।

### गंभीर संकट में सोनीपत की आबोहवा: बढ़ रहा है एक्यूआई

# ग्रैप-3 हटने के बाद बढ़ रहा एक्यूआई 342 पर पहुंचा, ठंड में आई बढ़ोतरी

*शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री दर्ज किया गया, जोकि वीरवार के मुकाबले 0.3 डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री दर्ज किया गया, जोकि वीरवार के मुकाबले 0.2 डिग्री कम है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- अधिकतम और न्यूनतम तापमान में आई है कमी

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल सोनीपत शहर इस समय एक गंभीर पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। वायु प्रदूषण का स्तर लगातार 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है, और दूसरी तरफ कड़ाके की ठंड ने जिले के नागरिकों के जीवन को मुश्किल बना दिया है। तमाम सरकारी दावों और प्रतिबंधों के बावजूद, प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों का जमीनी असर शून्य दिख रहा है, जिससे लोग जहरीली हवा और ठंड की दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं। जिले में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट लगातार जारी है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री दर्ज किया गया, जोकि वीरवार के मुकाबले 0.3 डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री दर्ज किया गया, जोकि वीरवार के मुकाबले 0.2 डिग्री कम है।

पिछले दिनों वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के स्टेज-3 की पाबंदियां हटा ली गईं, लेकिन यह फैसला जिले की हवा के लिए महंगा साबित हुआ। पाबंदियाँ हटते ही वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) फिर से खतरनाक स्तर पर पहुँच गया है। शुक्रवार के दिन प्रदूषण का स्तर सुबह के समय एक्यूआई 307 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी की शुरुआत थी, लेकिन शाम होते-होते यह आंकड़ा उछलकर 342 पर पहुंच गया। यह स्पष्ट करता है कि वायु प्रदूषण की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है, बल्कि यह और भी बिगड़ती जा रही है।





सोनीपत। सोनीपत में सुबह के समय छाई हलकी धुंध।




### पीएम 2.5 और 10 पहुंचा रहे हैं नुकसान

एक्यूआई का 342 पर रहना यह दर्शाता है कि हवा में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5 और पीएम 10) की सघनता इतनी अधिक है कि यह फेफड़ों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक ऐसी हवा में साँस लेने से न केवल स्वस्थ लोगों को श्वसन तंत्र संबंधी बीमारियां हो सकती हैं, बल्कि अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और हृदय रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए तो यह स्थिति जानलेवा साबित हो सकती है। निर्माण स्थलों पर नियमों का उल्लंघन, खुले में कूड़ा जलाना और वाहनों से निकलने वाला धुआं इस जहरीली हवा के मुख्य कारण बने हुए हैं।

### ठंड की दस्तक और जहरीली स्मॉग का निर्माण

प्रदूषण के इस संकट में ठंड की दस्तक ने स्थिति को और भी विकराल बना दिया है। जैसे-जैसे तापमान गिर रहा है, प्रदूषण के कण हवा की निचली सतह में फँसकर रह जा रहे हैं, जिससे वातावरण में घनी और जहरीली 'स्मॉग' (धुंध और धुएँ का मिश्रण) छा गई है। स्मॉग के कारण दृश्यता कम हो रही है और हवा में मौजूद प्रदूषक तत्त्व साँस के जरिए सीधे फेफड़ों में पहुँच रहे हैं। विशेष रूप से सुबह और शाम के समय बच्चे और बुजुर्ग घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं। अस्पतालों और क्लीनिकों में साँस लेने में तकलीफ, लगातार खांसी, गले और छाती में जलन, और आँखों में तेज चुभन की शिकायत वाले मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। ठंड और स्मॉग की यह दोहरी मार दैनिक जीवन पर गहरा असर डाल रही है और लोगों की जीवन प्रत्याशा को भी प्रभावित कर रही है।

### चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य एडवाइजरी

- घर के अंदर रहें : सुबह जल्दी और शाम ढलने के बाद, जब प्रदूषण का स्तर चरम पर होता है, तब बाहर निकलने से बचें।
- मास्क सुरक्षा कवच : यदि बाहर निकलना अपरिहार्य हो, तो अनिवार्य रूप से एन95 या पी99 गुणवत्ता वाले मास्क का उपयोग करें। यह महीन पीएम 2.5 कणों को फेफड़ों तक पहुंचने से रोकने में सबसे प्रभावी है।
- बाहरी व्यायाम से दूरी : प्रदूषित हवा में जॉगिंग, दौड़ने या किसी भी तरह के भारी बाहरी व्यायाम से पूरी तरह बचें, क्योंकि गहरी सांस लेने से फेफड़ों में अधिक जहरीले कण जाते हैं।
- दवाएं समय पर : श्वसन और हृदय रोगों से पीड़ित मरीज अपनी निर्धारित दवाएँ सख्ती से समय पर लें और किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करें।
- हाइड्रेशन अनिवार्य: शरीर को पूरी तरह से हाइड्रेटेड रखें। पर्याप्त पानी पीने से वायुमार्ग की झिल्लियाँ नम रहती हैं और यह प्रदूषक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है।
- आहार में एंटीऑक्सीडेंट: अपने आहार में विटामिन-सी, विटामिन-ई और ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें, जो प्रदूषण के कारण होने वाले ऑक्सीडेटिव तनाव से लड़ने में सहायक होते हैं।
- एयर प्यूरीफायर का उपयोग: घर के अंदर की हवा को शुद्ध रखने के लिए एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें, खासकर बेडरूम में।
- बच्चों और बुजुर्गों का ध्यान: बच्चों और बुजुर्गों को गर्म रखें और उनके बाहरी गतिविधियों को सीमित करें।




सोनीपत। अभियान के दौरान रिफ्लेक्टर लगाते हुए।

## सोनीपत में कोहरे के बीच ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान

### सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सर्दी और धुंध के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सोनीपत ट्रैफिक पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के आदेशानुसार और पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक नरेंद्र कादयान के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए, ताकि गाड़ियों की दृश्यता कोहरे में बढ़ सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। अभियान के दौरान अधिकारियों ने वाहन चालकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इनमें वाहन की हेडलाइट, इंडिकेटर और ब्रेक-लाइट को सही स्थिति में रखने की सलाह शामिल थी। इसके साथ ही नियंत्रण गति से वाहन चलाने, आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखने, फॉग लाइट का सही उपयोग करने और अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने की अपील की गई। ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि रिफ्लेक्टर टेप और रेडिएटर ग्रिल सड़क सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नागरिकों से मौसम के अनुरूप सावधानी बरतने की अपील की गई।

### सोनीपत में अवैध हथियार तस्करी की दो वारदातें उजागर

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी की दो अलग-अलग घटनाओं में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। दोनों मामलों में पुलिस ने अवैध पिस्तौल बरामद कर आरोपितों को न्यायालय में पेश किया।

- पुलिस ने दो आरोपितों को हथियारों सहित गिरफ्तार कर अदालत में किया पेश

पहला मामला क्राइम यूनिट सेक्टर 3 की टीम ने कार्रवाई कर उजागर किया। पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि आलम उर्फ कालू निवासी जैनपुर अवैध हथियार के साथ सेक्टर 7 मोड़ जीटी रोड पर खड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को काबू कर तलाशी ली, जिसमें उसकी पैंट से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। इस संबंध में थाना बहालगढ़ में मामला दर्ज किया गया। आरोपी आलम को न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दूसरी कार्रवाई थाना सैक्टर 27 पुलिस ने की। गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि देवडू गांव में रविदास मंदिर के पास एक युवक दो देसी पिस्तौल लेकर खड़ा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध को पकड़ा और पूछताछ में उसकी पहचान काबिल निवासी देवडू के रूप में हुई। तलाशी में उसकी पैंट से 315 बोर के दो पिस्तौल बरामद हुए। मामले में थाना सैक्टर 27 में अभियोग दर्ज किया गया। काबिल को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस ने बताया कि अवैध हथियार तस्करी पर लगातार निगरानी बढ़ाई गई है और ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### सुभाष स्टेडियम में 29, 30 नवंबर व 01 दिसंबर को होगा गीता जयंती महोत्सव

## मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा करेंगे जिला स्तरीय गीता महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सुभाष स्टेडियम में 29, 30 नवंबर व 01 दिसंबर को होने वाले गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा बतौर मुख्यातिथि हवन यज्ञ में पूर्ण आहूति डालते हुए गीता जयंती महोत्सव की शुरूआत करेंगे। इस दौरान उनके साथ मुख्यातिथि के रूप में सोनीपत से विधायक निखिल मदान भी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद वे प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे।

जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन 30 नवंबर को सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिला के विभिन्न वक्ता गीता पर लोगों को अपना संदेश देंगे। इस सेमिनार कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व खरखौदा से विधायक पवन खरखौदा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके पश्चात महोत्सव के अंतिम दिन 01 दिसंबर को प्रातः 11 बजे नगर शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसको नगर निगम मेयर राजीव जैन हरी झण्डी दिखाकर सेक्टर-15 स्थित डीएवी स्कूल से रवाना करेंगे।



सोनीपत। गीता जयंती महोत्सव को लेकर आयोजन स्थल का निरीक्षण करते अतिरिक्त उपायुक्त साथ में डीआईपीआरओ।

### गीता जयंती नगर शोभायात्रा एवं सम्मान समारोह

नगर शोभायात्रा शहर की सेक्टर-14 मार्किट, गांधी चौक, बस स्टैण्ड, भांजा चौक, गीता भवन चौक, गोहाना फ्लाईओवर, ककरोई चौक, तिरंगा चौक से होकर सुभाष स्टेडियम में पहुंचेगी। शहर से गुजरते समय जगह-जगह सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा नगर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। 01 दिसंबर को गीता जयंती समारोह की संध्या में दीपोत्सव व आरती का आयोजन किया जाएगा और गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राई से विधायक कृष्णा गहलावत व गन्नौर से विधायक देवेन्द्र कादियान बतौर मुख्यातिथि शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे।

## खरखौदा को गोहाना में शामिल किए जाने की संभावना के दृष्टिगत निकाला विरोध मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शुक्रवार को संघर्ष कमेटी के नेतृत्व में प्रस्तावित नए गोहाना जिले में खरखौदा को शामिल किए जाने के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन करने वाले लोगों ने खरखौदा सब्जी मंडी में एकत्रित होकर वहां से पैदल मार्च करके नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यलय पहुंचे। जहां पर नायब तहसीलदार अचिन को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष 19 मार्च को भी ज्ञापन दिया था। 22 मार्च को पंचायत की गई। इसके बाद 30 मार्च, 15 जून को भी पंचायत आयोजित की गई । 25 जून को एक दिन का सांकेतिक धरना व ज्ञापन दिया गया। 22 अक्तूबर को चंडीगढ़ में कमेटी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को 32 गांव की ग्राम पंचायत के प्रस्ताव दिए थे। 30 अक्तूबर को खरखौदा एसडीएम कार्यालय के बाहर तीन दिन का सांकेतिक धरना देकर ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन सरकार ने आज तक यह स्पष्ट नहीं किया हैं कि नए प्रस्तावित गोहाना जिले में खरखौदा को मिलाया जाएगा अथवा नहीं। नेताओं ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है वे उसकी घोर निंदा करते हैं। किसी भी हालात में यह अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में खरखौदा को गोहाना जिले में शामिल नहीं होंने दिया जाएगा। यदि सरकार अपनी मनमानी करेगी तो क्षेत्र की जनता द्वारा भारी विरोध किया जाएगा। पैदल मार्च का संचालन हंसराज राणा के नेतृत्व में किया गया।




खरखौदा। पैदल मार्च में हिस्सा लेते क्षेत्रवासी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जय सिंह खांडा, दीपक मटिंडू, रामकंवार कुण्डल, लक्ष्मण जटौला, रणबीर छिनौली, राजकुमार सिसाना, सुखबीर रोहणा, रमेश सिसाना, सुमेर गोपालपुर, राजेन्द्र सोहटी, रमेश निरथान, जोरावर बरोना, नवीन राणा जटौला, सुरज पीपली आदि मौजूद रहे।

## जान से मारने की कोशिश करने वाले को 6 साल की सजा

- 25 हजार रुपये जुर्माना भी किया, जुर्माना ना भरने पर भुगतनी होगी अतिरिक्त सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सरताज बसवाना की अदालत ने वर्ष 2020 में सदर थाना क्षेत्र में हुई हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट से जुड़े एक मामले में आरोपी नीरज उर्फ छोटा को दोषी करार देते हुए छह साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपित पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला सदर थाना सोनीपत में 15 नवंबर 2020 को दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता विक्की के अनुसार, यह वारदात पुरानी रंजिश के चलते हुई थी। दर्ज शिकायत के अनुसार, 14 नवंबर 2020 को शाम करीब 6:30 बजे शिकायतकर्ता विक्की अपनी कार से जा रहा था। जब वह ओस्कार हॉस्पिटल सोनीपत के पास पहुंचा, तो एक सफेद रंग की आई-20 कार में सवार आरोपित (जिनमें नीरज उर्फ छोटा भी शामिल था) ने उनका रास्ता रोक लिया।

### जांच के अनुसार

पुलिस ने शिकायत के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आईपीसी की धारा 307 (हत्या का प्रयास), 148, 149 और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित नीरज उर्फ छोटा, निवासी गांव काकरोई को सितंबर 2021 को गिरफ्तार किया। आरोपित नीरज के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 12 बोर की एक खाली पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। पूछताछ में आरोपित ने कबूल किया था कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के कारण यह वारदात की थी। मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सरताज बसवाना की अदालत ने यह सजा सुनाई है।

### जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय गोहाना रोड में रिटायर्ड कर्मचारियों ने की बैठक

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ की कन्वेंशन 17 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- देशव्यापी प्रदर्शन का ऐलान

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा से सम्बंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्ज फेडरेशन सोनीपत की कन्वेंशन जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय गोहाना रोड सोनीपत में संपन्न हुई। कन्वेंशन की अध्यक्षता महेन्द्र सिंह भनवाला ने की। इसका संचालन क्रांतिकारी, कर्मठ, लगनशील और मेहनती साथी सिलक राम मलिक और सतबीर धनखड़ ने किया। इस कन्वेंशन में राज्य वरिष्ठ उप प्रधान बलवान सिंह नांदल, राज्य सचिव कृपाल सिंह नैन, जिलाप्रधान करनाल मास्टर बलराज सिंह और जयभगवान दहिया ने विशेष रूप से अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने साथियों को संबोधित करते हुए बताया कि फेडरेशन ने अब तक स्वतंत्र रूप से चार बड़े आंदोलन किए हैं। इनमें 11 मार्च को कुरुक्षेत्र में, 22 अप्रैल को डीसी कार्यालय पर, 15 जुलाई को फिर से डीसी कार्यालय पर और 17 सितंबर को जंतर मंतर पर जोरदार धरना-प्रदर्शन शामिल हैं। वक्ताओं ने रिटायर्ड कर्मचारियों पर हो रहे हमलों से बचने और अपने हितों की रक्षा के लिए संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। कन्वेंशन में एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई। 01 नवंबर 2025 को बैरागी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में हुई राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग में लिए गए निर्णय के अनुसार, फेडरेशन 17 दिसंबर को पूरे देश भर में उपायुक्त कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करेगी और उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल महोदय को ज्ञापन सौंपेगी। जयवीर राठी और जिले सिंह ने कहा कि 22 और 23 फरवरी 2026 को सैनी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में होने वाले दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन और अन्य सभी कार्यक्रमों में सोनीपत जिले के साथी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।




सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### ये रहे मौजूद

कन्वेंशन में हवा सिंह, सुल्तान सिंह, अशोक, दयानंद, रामकरण, रितूराज, ओमप्रकाश, प्रेम सिंह, सतदेव, कृष्ण, रामकुमार, सुभाष, रमेश, राजेंद्र, सुखबीर, महेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, मोहम्मद अली, वजीर सिंह, मुकेश, रमेश, इन्द्र सिंह, बलबीर, रणबीर, सुखबीर, आनन्द, रामरिषी, उमेद सिंह, बिजेंद्र, दिनेश और नफे सिंह मलिक आदि उपस्थित हुए। सभी ने संगठन को तन, मन और धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया।



# 'तेरे इश्क में' धनुष की आंखों में छिपा दर्द बना असली ताकत

**मुंबई।** फिल्म 'तेरे इश्क में' 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 'तेरे इश्क में'एक ऐसी लव स्टोरी है, जिसमें जुनून, दर्द, प्यार और गुस्सा सब कुछ एक साथ देखने को मिलता है। फिल्म की शुरुआत एक मजबूत मोड़ से होती है, जिससे कहानी तुरंत पकड़ बना लेती है। जैसे-जैसे फ्लैशबैक खुलता है, ऑडियंस यह जानने के लिए उत्सुक हो जाती है कि आखिर शंकर और मुक्ति के रिश्ते में ऐसा क्या हुआ कि दोनों अलग हो गए। अगर आपको जुनून से भरी मोहब्बत, दिल को छू लेने वाले भाव और कच्चे किरदारों की सच्ची कहानी देखना पसंद है, तो 'तेरे इश्क में' जरूर देखी जा सकती है। फिल्म में कमियां जरूर हैं, लेकिन धनुष का अभिनय इस कहानी को देखने लायक बना देता है। वो हर दृश्य में अपनी आंखों और हावभाव से ऐसा एहसास जगाते हैं, जिसे बोलकर नहीं, महसूस करके समझा जाता है।

## लाइफ Style

# तनुश्री अमेरिकी बिजनेसमैन को बनाया हमसफर



बंगाली अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने आखिरकार अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। यह शादी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। लास वेगास के खूबसूरत रेड रॉक कैन्यन में दोनों ने शादी की है। इस खास दिन की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने साझा की हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

लंबे समय से अमेरिका में छुट्टियां बिताती नजर आ रहीं तनुश्री दरअसल अपने जीवन के इस नए अध्याय की तैयारी में थीं, जिसे उन्होंने अब खूबसूरती से दुनिया के सामने साझा किया है। दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कोलकाता में एक दोस्त के जरिए हुई थी। तनुश्री अपने रिश्ते को लेकर बताती हैं कि अपने वर्कआउट सेशन के तुरंत बाद अनौपचारिक लुक में उनसे मिली थीं, लेकिन बावजूद इसके वह पहली ही मुलाकात में एक जुड़ाव महसूस कर बैठी थीं। दूसरी तरफ सुजीत भी उसी पल दिल हार बैठे थे। पहले दोस्ती और फिर दूरी के चलते वर्चुअल बातचीत- इन सबके बीच उनका रिश्ता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। जब तनुश्री अमेरिका छुट्टियों पर गईं, तो उनके साथ बिताए गए पलों ने रिश्ते को और मजबूत कर दिया। लंबी ड्राइव्स, लंबी बातचीत और एक-दूसरे की मौजूदगी ने दोनों को यह एहसास करा दिया कि वह अपना जीवन साथ बिताना चाहते हैं। सुजीत ने शादी की सारी तैयारिया खुद संभालीं ताकि तनुश्री के लिए यह दिन हमेशा यादगार रहे। मेकअप आर्टिस्ट से लेकर वायलिनिस्ट तक- हर छोटी-बड़ी चीज को उन्होंने उसी सलीके से चुना, जैसा तनुश्री को पसंद है। दुल्हन का लहंगा भी सुजीत ने ही चुना था, जिसे देखकर तनुश्री भावुक हो उठीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दोनों परिवारों के लिए शादी की लाइव स्क्रीनिंग भी करवाई ताकि दूर रहकर भी सभी इस पल का आशीर्वाद दे सकें।

## हॉलीवुड मसाला




# एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले

**लॉस एंजिल्स।** मार्शल आर्ट का जिक्र आते ही हमारे दिमाग में सबसे पहला नाम ब्रूस ली का ही आता है। महज 32 साल की उम्र में ली ने मार्शल आर्ट में ऐसी महारथ और पॉप्युलैरिटी हासिल की जिसकी बराबरी आज तक कोई नहीं कर सका। 1960 के दशक में ली ने 'काटो' की भूमिका से हॉलीवुड में पहचान बनाई। लेकिन, हांगकांग में बनी 'द बिग बॉस' (1971), 'फिस्ट ऑफ फ्यूरी' (1972), 'वे ऑफ द ड्रैगन' (1972) और 'एंटर द ड्रैगन' (1973) ने पूरी दुनिया में उन्हें फेमस बना दिया। इन फिल्मों से उन्होंने अपनी मार्शल आर्ट कला को पूरी दुनिया के सामने पेश किया। ली ने बतौर एक्टर अपनी सफलता से एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले। जैकी चैन, जेट ली, टोनी जा जैसे एक्टर्स ली को अपनी प्रेरणा मानते हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए इतनी कम उम्र में जीवन के किसी भी एक क्षेत्र में इतनी ऊंचाई हासिल कर पाना बेहद कठिन होता है।



# डेविड हार्बर ने मिली बॉबी के साथ की बदसलूकी

लॉस एंजिल्स। 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' के नए सीजन की रिलीज से ठीक पहले अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन और उनके को-स्टार डेविड हार्बर को लेकर एक विवाद ने अचानक सुर्खियां बटोर ली थीं। सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मिली ने हार्बर पर सेट पर बदसलूकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए थे। हालांकि, सीरीज की प्रीमियर नाइट पर दोनों को साथ देखा गया, मुस्कुराते हुए फोटो देते हुए। वहीं, अब मिली बॉबी ब्राउन ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है और इस रिश्ते पर खुलकर बात की है। मिली ने विवाद पर बेहद साफ शब्दों में कहा कि उनका रिश्ता हमेशा से मजबूत रहा है। मिली के अनुसार, 'हम पिछले दस साल से यही कर रहे हैं। हम इस शो को दिल से प्यार करते हैं और अपनी दोस्ती को सबसे ऊपर रखते हैं।' उनकी बातों से साफ था कि पर्दे के पीछे कैसी भी चर्चाएं हों, लेकिन उनके और हार्बर के बीच दोस्ती की डोर कमजोर नहीं हुई। दूसरी ओर, शो के निर्माता डफर ब्रदर्स ने प्रीमियर के दौरान आरोपों पर कमेंट करने से इनकार किया, लेकिन साफ कहा कि सेट पर सुरक्षा और सम्मान उनका पहला सिद्धांत है। शो के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर शॉन लेवी ने भी कहा कि पूरी टीम एक परिवार की तरह है और वो माहौल को हमेशा सुरक्षित रखने की कोशिश करते हैं।



# कूल लुक में कार्तिक हॉट दिखीं अनन्या


**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है, जो कार्तिक और अनन्या के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का टाइटल ट्रैक शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है।' जो कार्तिक के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक के फैंस उनके इस गाने पर लाल और फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइल ट्रैक का वीडियो शेयर किया। इस गाने में कार्तिक समंदर किनारे बीच पर बेहद कूल लुक में हसीनाओं के बीच नजर आ रहे हैं। तो वहीं इस गाने में अनन्या भी बेहद हॉट लुक में नजर आ रही हैं।



# इश्क के पूरे हुए 28 साल साझा की अनदेखी तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकार अजय देवगन और काजोल की फिल्म 'इश्क' 28 नवंबर 1997 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को 28 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर अजय देवगन ने काजोल के साथ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं और एक बेहतरीन कैप्शन लिखा है। फैंस को यह पसंद आ रहा है। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे पलों की तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह काजोल को गले लगा रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'इश्क हुआ'। दूसरी तस्वीर में वह काजोल के साथ दूल्हा-दुल्हन की तरह बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'कैसे हुआ'। तीसरी तस्वीर में वह काजोल और अपने दो बच्चों के साथ बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'अच्छा हुआ।' इसके साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा 'जैसे हुआ अच्छा ही हुआ है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 से बाहर होंगी अशनूर? तान्या के साथ हिंसक होने पर भड़कीं काम्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है और जैसे-जैसे ग्रैंड फिनाले करीब आ रहा है, घर के अंदर विवाद, मतभेद और टकराव भी तेज होते जा रहे हैं। इसी बीच शो की पूर्व कंटेस्टेंट और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने इस हफ्ते के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी राय रखी है। अशनूर कौर और तान्या मित्तल के बीच हुए विवाद को लेकर जहां उन्होंने सख्त प्रतिक्रिया दी, वहीं गौरव खन्ना को शो का पहला फाइनलिस्ट बनने पर बधाई भी दी। फिनाले से पहले हुए 'टिकट टू फिनाले' टास्क में सभी चार दावेदारों- अशनूर कौर, प्रनीत मोरे, फरहाना भट्ट और गौरव खन्ना के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन इस टास्क के दौरान एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने दर्शकों और एक्स-कंटेस्टेंट्स दोनों को हैरान कर दिया। टास्क के बीच अशनूर कौर ने तान्या मित्तल पर शारीरिक प्रहार कर दिया, जिसे लेकर कई दर्शक सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अब हर कोई अशनूर की इस हरकत पर अपनी राय दे रहा है। कई सेलेब्स की ओर से भी इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की गई है। इन्हीं में शामिल हैं काम्या पंजाबी भी। उन्होंने लिखा कि पूरी सीजन में संयम और गरिमा के साथ खेलने वाली अशनूर से इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं थी। काम्या का कहना है कि खेल की इस स्टेज पर ऐसी गलती बिल्कुल भी आवश्यक नहीं थी।

## भाविन -दिशा ने लिए सात फेरे

**नई दिल्ली।** सिंगर,एक्टर और म्यूजिशियन भाविन भानुशाली ने दिशा चंद्रेजा के सात सात फेरे ले लिए हैं। भाविन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शादी की शानदार तस्वीरों को शेयर किया है। भाविन और दिशा को सेलेब्स शादी की शुभकानाएं दे रहे हैं। एक्टर और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा की शादी 27 नवंबर को होमटाउन, महाराष्ट्र में हुई। शादी की खास तस्वीरें आज भाविन ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। भाविन और दिशा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। भाविन ने आज इंस्टाग्राम पर कुछ ही देर पहले अपनी शादी की तस्वीरों को शेयर किया। इन शानदार तस्वीरों में दिशा लाला लहंगे में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। वहीं भाविन व्हाइट स्टाइलिश शेरवानी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ भाविन ने कैप्शन में लिखा, 'तू मारी ने हूं तारो थाई गयो- 27.11.25।' कई सेलेब्स ने भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा को शादी की बधाई दी है। विशाल जेठवा ने लिखा, 'भाविन्न भाई, नमन प्रणाम अभिनन्दन', रश्मि देसाई ने लिखा, 'बधाई हो तमने बन्नेव ने', अविका गौर ने लिखा, 'बधाई हो, नील नितिन मुकेश ने लिखा, 'आपको बधाई हो मेरे प्रिय', हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो दोस्तों... भगवान आपका भला करे।'



# 45 करोड़ बजट में 500 टिकट भी नहीं बेच पाई थी ये फिल्म

## अधूरी कहानी के साथ हुई रिलीज, कहलाई बॉलीवुड की बिगेस्ट फ्लॉप

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हर साल दर्जनों फिल्में बनती हैं। इनमें से कई फिल्मों पर बहुत पैसा खर्च किया जाता है और मेकर्स को उम्मीद होती है कि ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएंगी। लेकिन, कई बार ऐसा होता नहीं है। कई बड़ी और स्टार स्टडेड फिल्में भी रिलीज के बाद बुरी तरह फेल हो जाती हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बता रहे हैं, जिसके बजट, कहानी और कास्ट पर प्रोड्यूसर ने पूरा भरोसा किया था। फिर भी ये फिल्म रिलीज होते ही बुरी तरह पिट गई और लोगों को पता भी नहीं चला कि ये कब आई और कब थिएटर से उतर गई।



### जोरदार उम्मीदें, जीरो कमाई

जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वो है द लेडी किलर, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में इश्कजादे फेम अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर नजर आए थे। करीब 45 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म से मेकर्स को बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन, हैरानी की बात ये है कि फिल्म 1 लाख रुपए की कमाई भी नहीं कर पाई। फिल्म का न प्रमोशन हुआ और न ही किसी तरह का ऐड नजर आया। मेकर्स ने बिना तैयारी के फिल्म को थिएटर में उतार दिया। नतीजा ये हुआ कि दर्शकों को पता ही नहीं चला कि फिल्म रिलीज भी हो गई है।

### बिना क्लाइमैक्स की रिलीज

*फिल्म फ्लॉप होने के बाद इसके डायरेक्टर ने बताया कि द किलर लेडी को अधूरी हालत में रिलीज कर दिया गया था। फिल्म की स्क्रिप्ट 117 पेज की थी। लेकिन, शूटिंग सिर्फ 87 पेज तक ही हुई थी। यानी फिल्म में क्लाइमैक्स तक पूरा शूट नहीं हुआ था। पहले इसे ओटीटी पर रिलीज करने की प्लानिंग थी। लेकिन, तारीखें बार बार आगे बढ़ने पर इसे जल्दबाजी में थिएटर में रिलीज कर दिया गया। हालत ये रही कि अर्जुन कपूर की इस फिल्म की सिर्फ 500 टिकटें ही बिक पाईं। इसी वजह से इसे अब तक की सबसे खराब ओपनिंग वाली बॉलीवुड फिल्म माना गया।*

# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर जारी अलग अंदाज में दिखे संजय और महिमा

**मुंबई।** संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की अपकमिंग फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को लेकर पहले से काफी चर्चा थी। ऐसा इसलिए क्योंकि संजय मिश्रा की दूसरी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। टीजर में संजय मिश्रा हल्के-फुल्के अंदाज में कॉमेडी करते हुए नजर आए हैं। वहीं, महिमा चौधरी ग्लैमरस लुक में नजर आई हैं।टीजर में सबसे पहले संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि अगर उनकी कुंडली में दूसरी शादी लिखी है, तो कोई सुंदर, सुशील और कलावती महिला से शादी हो। वह हनुमान से कहते हैं कि प्रभु थोड़ा ध्यान रखना वर्ना ये लोग मुझे कहीं भी फंसा देंगे। इसके बाद वह महिमा चौधरी से टकरा जाते हैं। अगले सीन में संजय मिश्रा का बेटा उनके पास आता है और कहता है कि मां मिल गई। इस पर संजय मिश्रा इतराते हैं। मेकर्स ने इस टीजर को सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इसके साथ इसकी रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। बताया जाता है कि यह फिल्म 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' में संजय मिश्रा और महिमा चौधरी के अलावा व्योम यादव, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया और श्रीकांत वर्मा ने अभिनय किया है। इसका निर्देशन सिद्धांत राज सिंह ने किया है। इसके निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन हैं।




## आज के दौर में भी जनरेनशन-जेड का बना हुआ है फेवरेट

# धर्मेंद्र पर फिल्माया गया था रफी का बेस्ट एवर रोमांटिक सॉन्ग

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन, उनकी मूवीज और गानों के बारे में जिक्र हमेशा किया जाएगा। इस आधार पर आज हम आपको अभिनेता के एक ऐसे शानदार रोमांटिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे गायक मोहम्मद रफी ने गाया था। गायक मोहम्मद रफी और अभिनेता धर्मेंद्र की जोड़ी काफी जमती थी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिनेमा जगत में एक दौर ऐसा भी रहा था, जब रफी साहब सही मायनों में धर्मेंद्र की आवाज बन गए थे। एक्टर के ज्यादातर कल्ट गीतों को सुरों के सरताज मोहम्मद रफी ने अपनी रूहानी आवाज दी थी। इस आधार पर आज आपको इन दोनों की जुगलबंदी वाले एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आज के दौर में जनरेनशन-जेड का फेवरेट बना हुआ है। रोमांटिक सॉन्ग के मामले में सिंगर मोहम्मद रफी के इस गाने का कोई मुकाबला नहीं है। आलम ये है कि रिलीज के 55 साल बाद भी ये अमर है।



### 55 साल बाद भी हिट ये गीत

पुराने दौर के आइकॉनिक रोमांटिक सॉन्ग के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें अभिनेता धर्मेंद्र के कई सारे गीत शामिल होंगे, जिनमें से एक गीत साल 1970 में आई फिल्म जीवन मृत्यु का भी रहा। धर्मेंद्र और राखी गुलजार स्टारर इस मूवी के उस गीत को गायक मोहम्मद रफी ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। गाने के बोल सुनकर आज भी आपके दिल को सुकून पहुंचेगा। गौर किया जाए उस गीत की तरफ तो उसका नाम- झिलमिल सितारों का आंगन होगाहै। धर्मेंद्र के इस कल्ट सॉन्ग को रफी साहब और लता मंगेशकर ने मिलकर गाया था, जबकि इसके संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी थी। जीवन मृत्यु मूवी के इस गाने के गीतकार कोई और नहीं, बल्कि दिग्गज लेखक आनंद बख्शी थे, उनकी कलम से जी झिलमिल सितारों का आंगन होगा के ये खूबसूरत बोल निकले थे। इस गाने को आज भी बॉलीवुड से सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग में से एक माना जाता है।

### यादगार गीत

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का देहांत हो गया। अब एक्टर की यादें उनकी मूवीज और शानदार गीतों के जरिए ताजा रहेंगी। झिलमिल सितारों का आंगन होगा धर्मेंद्र के यादगार गीतों में शुमार है, जिसे सुनने के बाद आपको हिंदी सिनेमा के ही-मैन की याद जरूर आ जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रमंडल खेलों में देश के खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**गोहाना।** कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शुक्रवार को गांव चिड़ाना में चल रही 35वीं सब जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन शिरकत करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2030 में भारत में राष्ट्रमंडल खेल होने जा रहे हैं और यहां खेल रहे प्रतिभाशाली खिलाड़ी उस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में देश का प्रदर्शन करते हुए गौरव बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की खेल नीति ने युवाओं में जोश भरा है और वो अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

### रोड सेफ्टी अवेयरनैस एवं आपदा प्रबंधन कैंपेन चलाया

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज के रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में हिंदू कन्या वमावि में रोड सेफ्टी अवेयरैन एवं आपदा प्रबंधन कैंपेन चलाया। इस सफल आयोजन पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने बधाई देते यातायात नियमों की अनुपालना पर बल दिया। जीवीएम की रोड सेफ्टी क्लब की संयोजक प्राध्यापिका डा. स्मिति अग्रवाल के निर्देशन में प्राध्यापिका डा. कुसुमलता व ने छात्राओं बीए द्वितीय वर्ष ज्योग्रफी ऑनर्स की साक्षी व कृतिका ने हिंदू कन्या स्कूल में यातायात नियमों को लेकर जागरूकता की अलख जगाई।

### ज्योतिबा फुले ने लोगों को किया जागृत : जैन

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा है कि महात्मा ज्योतिबा फुले महिला शिक्षा के पक्षधर, किसान मजदूर के हितों की लड़ाई लड़ने वाले, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आंदोलन के प्रणेता और क्रन्तिकारी युग दृष्टया महापुरुष थे जिनके कारण ही लोगों में अपने अधिकारों के प्रति जागृति आई। राजीव जैन ने शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले चौक पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद अपने संबोधन में कहा कि महात्मा फुले ने साधारण परिवार में जन्म लेकर समाजसेवी, लेखन एवं दार्शनिक के रूप में पहचान बनाई।

### दीवारों पर गीता आधारित उपदेशों की चित्रकारी

**सोनीपत।** 29, 30 नवंबर व 01 दिसंबर को स्थानीय सुभाष स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को भव्यता प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों व चौक-चौराहों पर गीता पर आधारित होर्डिंग्स लगवाने के साथ-साथ आयोजन स्थल की दिवारों पर गीता पर आधारित उपदेशों की चित्रकारी करवाई जा रही है। इन हॉर्डिंग्स व चित्रों का उद्देश्य न केवल शहर को गीता महोत्सव के रंग में रंगना है, बल्कि पवित्र श्रीमद्भगवद्गीता के संदेशों को जन-जन तक प्रभावशाली रूप में पहुंचाना है।

### अरुण बने हरियाणा के साइकिल एंबेसडर

**सोनीपत।** सोनीपत के अपना जंक्शन फाउंडेशन के संस्थापक अरुण मलिक को फिट इंडिया मूवमेंट की ओर से हरियाणा का साइकिल एंबेसडर नियुक्त किया गया है। भारत सरकार फिट इंडिया द्वारा उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपते हुए पत्र प्रदान किया गया। देश के कई राज्यों में साइकिल एंबेसडर बनाए गए हैं, जिनमें हरियाणा की कमान अरुण को दी गई है। एंबेसडर बनने के बाद उनके जिम्मे राज्य में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना, 18 साल से कम उम्र के बच्चों में साइकिल अपनाने की प्रेरणा देना और शहरों में साइकिल ट्रैक विकसित कराने की दिशा में प्रयास करना शामिल होगा।

### दुष्कर्म के आरोपी के पिता को पीटा

**गन्नौर।** क्षेत्र के राजकीय स्कूल में पांचवी की छात्रा के साथ नौवीं के छात्र द्वारा दुष्कर्म का मामला गर्मा गया है। पीड़िता और आरोपित छात्र अलग-अलग समुदायों से संबंध रखते हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गांव के कुछ युवकों ने आरोपित छात्र के पिता के साथ बीएसटी रोड के पास मारपीट कर दी। घटना की सूचना पुलिस को मिली, हालांकि इस संबंध में किसी भी पक्ष ने लिखित शिकायत नहीं दी है। मामले की संवेदनशीलता को देखते डीसीपी प्रबीना पी शुक्रवार को गन्नौर थाना पहुंचीं।

*भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने रेल यात्रियों को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए किया प्रेरित*

# स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से देश वैश्विक स्तर पर सशक्त बनेगा: बड़ौली

*भारत को आत्मनिर्भर बनाना पीएम मोदी का संकल्प है: मोहन लाल*

**लोगों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को प्रदेश भर में रेलवे स्टेशनों पर स्वदेशी अपनाओं अभियान के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की। सोनीपत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ सोनीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यहां उन्होंने यात्रियों से संवाद किया और प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और उसके उद्देश्यों के बारे में बताया। भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को प्रदेश भर में रेलवे स्टेशनों पर स्वदेशी अपनाओं अभियान के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की।इस मौके पर उन्होंने लोगों को आत्मनिर्भर भारत के पत्र भी वितरित किए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कहा कि आज के अभियान का उद्देश्य यात्रियों को आत्मनिर्भरता, स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन और राष्ट्रीय विकास में जन-भागीदारी के महत्व के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के समग्र विकास के लिए लिया गया एक राष्ट्रव्यापी संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज देशभर के रेलवे स्टेशनों पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता इस अभियान को हर नागरिक तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।


जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, विधायकगण एवं पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखौदा, मेयर राजीव जैन, देवेंद्र कौशिक, जिला महामंत्री तरुण देवी दास, नीरज कुमार, जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट दिनेश अत्री, लोकसभा संयोजक आजाद नेहरा, नवीन मंगला, अरुण चौहान (चेयरमैन), संजय वर्मा (चेयरमैन), सोनिया मोर, आरती शर्मा, राजकुमार शर्मा, किशोर वशिष्ठ, हरदीप सिंह, संजीत सबोली, संजय मिश्रा, अतुल जैन, नरेश वर्मा, पवन तनेजा, भारत मल्होत्रा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**भ्रम फैला रही कांग्रेस : बड़ौली**

एक अन्य सवाल पर कांग्रेस को घेरते हुए मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के बीच भ्रम फैलाकर राजनीतिक फायदा लेने के लिए राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सैनी सरकार खिलाड़ियों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम जब भी देश का नाम रोशन करती है प्रधानमंत्री मोदी स्वयं खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते रहते हैं। बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं दे रही है।

**खिलाड़ियों की सुरक्षा प्राथमिकता**

युवा खिलाड़ी की मौत दुखद घटना, लापरवाह अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई बास्केटबॉल खिलाड़ी की मौत के मामले में बड़ौली ने कहा कि एक युवा खिलाड़ी की मौत बड़ी दुखद घटना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी जांच के आदेश दिए हैं, इस मामले में जिस भी अधिकारी की लापरवाही पाई जाएगी उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बड़ौली ने कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा करना हमारी प्राथमिकता है।

**हर क्षेत्र में विकास हो रहा**

पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि आज प्रदेश में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायकों ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है देश आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है।

**राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में योगदान दें**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि भारत में निर्मित वस्तुओं को अपनाकर न केवल देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि देश राजनीतिक, औद्योगिक, सामाजिक और वैश्विक स्तर पर भी सशक्त बनकर उभरेगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर भारतीय अपने दैनिक जीवन में देश में उत्पादित वस्तुओं का उपयोग कर राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में योगदान दें। बड़ौली ने कहा कि यदि भारत को विश्व पटल पर एक शक्तिशाली और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है, तो 'मेक इन इंडिया' और 'लोकल फ्रॉर वोकल' जैसे अभियानों को जन-आंदोलन बनाना होगा।


सोनीपत। प्रदर्शन के दौरान जानकारी देते डॉ. प्रमोद ईष्टकान। फोटो :हरिभूमि

## प्रदेश के सभी जिलों में होगा विरोध प्रदर्शन : पीबीएसएस

- सरकार वापस ले विजेंद्र धारीवाल पर की एफआईआर : डॉ. प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

25 नवम्बर जंतर-मंतर दिल्ली में हुए पेंशन बहाली के लिए धरना-प्रदर्शन जिसमें पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए कर्मचारी व अधिकारियों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया प्रदर्शन के तुरंत बाद एनएमओपीएस के राष्ट्रीय संगठन सचिव व पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल को दिल्ली पुलिस द्वारा थाने बुलाया गया तथा कई घंटों तक थाने में बैठाकर देर रात उन पर एफआईआर दर्ज कर दिया गया जिसमें बताया गया की पेंशन बहाली के लिए धरना-प्रदर्शन में नियमों की अनदेखी की गई। एनएमओपीएस आईटी सैल प्रभारी व पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के प्रदेश मुख्य सलाहकार डॉ. प्रमोद ईष्टकान ने बताया कि देश भर के कर्मचारियों में इस बात को लेकर भारी रोष है क्योंकि अपने अधिकार के लिए शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात कहने का अधिकार देश के कर्मचारियों को है उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम की अनुमति नियमानुसार ली गई थी और पुरा प्रदर्शन भी शांति पूर्ण तरीके से किया गया निर्धारित स्थान व समय सीमा में प्रदर्शन को समाप्त भी कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है जिसके लिए कई वर्षों से कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं किन्तु सरकार द्वारा कर्मचारियों की इस मांग को नहीं माना जा रहा है कर्मचारी अपने भविष्य की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने बताया कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल पर हुई एफआईआर के विरोध में हरियाणा के सभी जिलों में 30 नवमबर को प्रदर्शन किया जाएगा तथा धारीवाल पर कि गई एफआईआर की प्रतियों को जलाकर विरोध किया जाएगा तथा प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल पर हुई एफआईआर को वापस लेने के लिए पेंशन बहाली संघर्ष समिति सरकार से मांग करेगी।

### डिजिटल इकोनॉमी पर वर्कशॉप

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या कालेज में शुक्रवार को एनसीसी यूनिट द्वारा 'डिजिटल इकोनॉमी वीक' के तहत एक कार्यशाला (वर्कशॉप) का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य कैडेट्स को डिजिटल लेनदेन और सुरक्षा के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के बैंक मैनेजर अमित सैनी ने एनसीसी कैडेट्स को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने 'ऑनलाइन बैंकिंग सेफ्टी और यूपीआई यूसेज' विषय पर ऑफिस से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कैडेट्स को डिजिटल भुगतान के सुरक्षित तरीके, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का सही उपयोग करने के बारे में बताया। इस उपयोगी कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी सीटीओ डॉ. शीतल द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की ऑफीशिएटिंग प्राचार्या कंचन सीधर, डॉ. आशा और डॉ. दिव्याश्री सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।


सोनीपत। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को जानकारी देते हुए।


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते हुए।

### उद्यमिता एवं नवाचार पर जागरुकता कार्यशाला

**सोनीपत।** इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल कैलेंडर गतिविधियों के अंतर्गत हिन्दू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में जागरूकता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर (डॉ.) डीपी सिंह, निदेशक, हिन्दू समूह संस्थान उपस्थित रहे। डॉ. सिंह ने छात्रों को संबोधित करते कहा कि आज के समय में उद्यमिता और नवाचार रोजगार सृजन के प्रमुख आधार बन चुके हैं। तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवा स्टार्टअप एवं इनोवेशन के माध्यम से देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। छात्रों को नवीन विचारों को प्रोत्साहित करने और उन्हें प्रोजेक्ट व स्टार्टअप में बदलने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में 50 से अधिक विद्यार्थी तथा संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. आशु बंसल, डॉ. पुनीत पाहुजा, गौरव अग्रवाल, चिराग रोहिल्ला, आशीष दहिया, नवीन शर्मा, रवि शर्मा और तुषार सैनी रहे।

### नाला ओवरफ्लो होने से आमजन परेशान

**गन्नौर।** गढ़ी झंझारा रोड पर पिछले कई दिनों से नाला ओवरफ्लो स्थानीय लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बना हुआ है। नाले का गंदा व बदबूदार पानी सड़क पर फैल जाने से आवागमन पूरी तरह प्रभावित है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सीवर लाइन जगह-जगह चोक पड़ी है, जिसके कारण गंदा पानी लगातार बाहर निकल रहा है और सड़क पर दलदल जैसी स्थिति बन चुकी है। वहीं सड़क पर बने सीवर का ढक्कन भी खुला छोड़ रखा है जो हादसों को न्यौता दे रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि दूषित पानी के कारण पूरे इलाके में दुर्गंध फैल गई है, जिससे दुकान पर बैठना भी मुश्किल हो गया है। घरों में रहने तक की समस्या उत्पन्न हो गई है। लोगों ने बताया कि कई बार प्रशासन को शिकायतें दी गईं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतों के बावजूद अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों ने प्रशासन से मांग की कि तुरंत टीम भेजकर नाले की सफाई करवाई जाए और सड़क पर जमा दूषित पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए।


गन्नौर। गढ़ी झंझारा रोड पर जमा दूषित पानी। फोटो :हरिभूमि


खरखौदा। श्रीमद्भागवत गीता की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते वक्ता।

### श्रीमद्भगवद्गीता अमूल्य ज्ञान-संग्रह : गीता

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय कालेज पीपली में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन में स्पेशल डे सेलिब्रेशन कमेटी व हिन्दी विभाग द्वारा गीता जयंती : दिव्य ज्ञान का उत्सव विषय पर यह सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. रेखा, नीरा और डॉ. बीना द्वारा किया गया। प्राचार्या डॉ तराना नेगी ने कहा कि गीता जयंती समारोह देशभर में श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। पावन पर्व भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक धरोहर का स्मरण कराते जीवन के कर्तव्य, ज्ञान, भक्ति, कर्म और समता के सिद्धांतों को समझने का अवसर प्रदान करता है। डॉ. अनीता राणा व डॉ. बीना ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक चरण में मार्गदर्शन देने वाला अमूल्य और सार्वभौमिक ज्ञान-संग्रह है। वक्ताओं ने कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग सहित गीता के प्रमुख अध्यायों की सारगर्भित व्याख्या प्रस्तुत की और बताया कि इन शिक्षाओं को अपनाकर व्यक्ति तनाव, भ्रम और जीवन की चुनौतियों से ऊपर उठकर समभाव, साहस और कर्तव्यनिष्ठा से जीवन व्यतीत कर सकता है।


सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस कर्मी।

### चोरी का आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजा

**सोनीपत।** थाना बहालगढ़ पुलिस ने मशरूम फार्म से विंडो एसी और कम्प्रैशर चोरी करने की वारदात में संलिप्त तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान विरासत निवासी बागपत (उत्तरप्रदेश) के रूप में हुई है। यह मामला 11 अक्टूबर 2025 को दर्ज हुआ था, जब शिकायतकर्ता किरणपाल, जो मशरूम फार्म में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है, ने बताया कि रात के दौरान उसकी ड्यूटी के दौरान कमरे से विंडो एसी और फार्म से प्लांट के चार कम्प्रैशर चोरी हो गए थे। घटना का पता सुबह राउंड के दौरान चला, जिसके बाद थाना बहालगढ़ में मामला दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपितों आकिब और असलम, दोनों निवासी बागपत, को गिरफ्तार कर चुकी थी। आगे की खोजबीन में तीसरा आरोपित विरासत भी पकड़ा गया। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## गोहाना: 34-36 किलोग्राम भारवर्ग में मानवी के मुक्के सभी पर भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरु वमावि का पांच दिवसीय वार्षिक खेलोत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। खेलोत्सव के समापन की अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। खेलों में कोच युकेश दत्त और डीपी सोनू ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। छात्राओं की 34–36 किलोग्राम भारवर्ग की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में मानवी, 36–38 किलोग्राम भारवर्ग में अमानत प्रथम, छात्रों में 28–30 किलोग्राम भारवर्ग में दक्ष, 42–44 किलोग्राम भारवर्ग में युवराज, 44–46 किलोग्राम भारवर्ग में शुभम, 48–50 किलोग्राम भारवर्ग में नितिन, 54–57 किलोग्राम भारवर्ग में वंश और 58–60 किलोग्राम भारवर्ग में जेम्स क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-17 आयु वर्ग की छात्राओं की एकल बैडमिंडन प्रतियोगिता में तनिष्का, छात्रों में अंडर-19 आयु वर्ग डबल्स वर्ग में रोमित और प्रियांशु की जोड़ी, अंडर-17 आयु वर्ग डबल्स वर्ग में दिव्यांशु और अग्रिम की जोड़ी जबकि अंडर-14 आयु वर्ग के डबल्स वर्ग में राम शर्मा व नक्ष तथा दुर्गेश व दिपांशु की जोडियां क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं।


मुक्केबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी एमडी सुनील शर्मा व प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा के साथ।


गोहाना। सेवानिवृत्ति पर गोशाला में गायों को चारा डालते तहसीलदार एवं उनकी पत्नी।

### जरूरतमंदों को कंबल व मिठाई बांटी

**गोहाना।** तहसीलदार जिवेंद्र मलिक शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। सुबह तहसील में स्थित अपने आफिस पहुंचने पर उन्होंने कई जगहों पर जाकर जरूरतमंदों की सेवा की। उन्होंने नई अनाज मंडी, नगर परिषद व ढींगरा पार्क के रैन बसेरों में जाकर जरूरतमंदों को कंबल व मिठाइयां बांटे। इसके बाद वे ठसका गांव स्थित गोशाला में पहुंचे और वहां जाकर गायों की सेवा की। गोशाला में उन्होंने गायों को 250 किलो हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर उनकी पत्नी सुनील देवी भी साथ रहीं और दोनों ने मिलकर सामाजिक दायित्व निभाते हुए लोगों को सर्दी में राहत देने का कार्य किया। गांव सरढाना के रहने वाले जिवेंद्र मलिक वर्ष 2008 में नायब तहसीलदार के पद पर तैनात हुए थे। जिवेंद्र मलिक तीन वर्षों तक सोनीपत, खरखौदा और गोहाना में तहसीदार के पद पर रहे। तहसील कार्यालय के स्टाफ ने शुक्रवार को उन्हें बड़ी सादगी से विदाई दी। जिवेंद्र मलिक 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन 29 व 30 नवंबर को अवकाश होने के कारण शुक्रवार को उन्हें विदाई दी गई।


गोहाना। नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान करते एसो. के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

### रविंद्र ग्राम सचिव एसो.के अध्यक्ष बने

**गोहाना।** हरियाणा ग्राम सचिव एसोसिएशन कथूरा खंड की बैठक शुक्रवार को बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अधिकारी सुनील ने की। बैठक में विचारविमर्श के बाद सर्वसम्मति से रविंद्र ढांडा को एसोसिएशन की कथूरा इकाई का अध्यक्ष चुना गया व निशांत दलाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र ढांडा ने कहा कि वे पद की गरिमा को बनाए रखते हुए ईमानदारी एवं निष्ठा से अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करेंगे। वे ग्राम सचिवों की समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाने और उनका समाधान कराने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। बैठक में खंड स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने और भविष्य की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर खंड पटवारी पवन, प्रदीप नरवाल, पवन मलिक, इशांत, सत्यवान, सुमित, अनुज, ममता, गौरव व दीपक मौजूद रहे।

*डॉ. संतराम ने लिखी संस्कृति की खोज नामक पुस्तक, 22 ललित निबंध संकलित*

# केंद्रीय मंत्री ने पद्मश्री अवॉर्डी की पुस्तक का किया लोकार्पण

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने डॉ. संतराम देशवाल की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्रीय आवास, विकास व ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने दिल्ली स्थित अपने आवास पर आयोजित शहीद यादगार समारोह के दौरान सोनीपत के पद्मश्री साहित्यकार एवं लेखक डॉ. संतराम देशवाल की संस्कृति की खोज, नामक पुस्तक का लोकार्पण किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने डॉ. संतराम देशवाल की सराहना भी की। डॉ. संतराम देशवाल को साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ही पद्मश्री अवॉर्ड दिया गया था। पद्मश्री अवार्डी डॉ. संतराम देशवाल ने बताया कि यह पुस्तक ललित निबंध संग्रह है, जिसमें उनके 22 ललित निबंध संकलित हैं। आजकल हिंदी साहित्य में ललित निबंध बहुत कम लिखे जा रहे हैं। शायद संपूर्ण देश में दो-चार साहित्यकार ही ऐसे होंगे, जो ललित निबंध पर लेखनी चला रहे हैं। कई दिन पहले जब उन्होंने सोशल मीडिया पर किसी साहित्यकार का बयान पढ़ा कि हिंदी साहित्य में ललित निबंध गायब हो गया है तो उन्होंने पुस्तक लेखन का निर्णय लिया। उनकी पुस्तक लोकार्पण के दौरान मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा, पूर्व ओएसडी कैप्टन भूपेंद्र, योगेश सिलानी सहित काफी लोग मौजूद रहे।


पद्मश्री अवार्डी डॉ. संतराम देशवाल की पुस्तक संस्कृति की खोज का लोकार्पण करते केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, साथ हैं सीएम के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा व अन्य।

**विभिन्न विधाओं में लिखी 30 से अधिक पुस्तक**

डॉ. संतराम देशवाल को उनकी साहित्यिक यात्रा, योगदान ने उन्हें देशभर में विशिष्ट पहचान दिलाई है। डॉ. देशवाल ने साहित्य के विभिन्न विधाओं में 30 से अधिक पुस्तक लिखी हैं। उनकी प्रमुख कृतियों में 'लोक-आलोक', 'अनकहे दर्द', 'हंस बोलिए मेरे राम', 'इक्कीसवीं सदी के ललित निबंध' जैसे लेख शामिल हैं। उनकी पुस्तक 'लोक-आलोक' व कविता संग्रह 'अनकहे दर्द' को साहित्य अकादमी की ओर से सर्वश्रेष्ठ पुस्तक के रूप में पुरस्कृत किया जा चुका है। उनकी पत्नी डॉ. राजकला देशवाल भी उत्कृष्ट लेखकों में शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### अंतर-सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल स्कूल में अंतर-सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में छठी से 11वीं तक अमेजन, नील, ओलंपस और नालंदा सदन के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अमेजन व नालंदा सदन को शैक्षणिक गतिविधियां भी पाठ्यक्रम का हिस्सा होती हैं विषय मिला जिसमें नालंदा सदन ने विषय के पक्ष में अपने तर्क रखे जबकि अमेजन ने विरोध में अपने पक्ष रखे। वहीं ओलंपस और नील सदन का विषय गृहकार्य एक बोझ है, इसे बंद किया जाना चाहिए में ओलंपस सदन ने पक्ष रखा, जबकि नील सदन ने विरोध में मजबूत तर्क दिया। नालंदा और नील सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### सीजेआई सूर्यकान्त आज सोनीपत आएंगे

**सोनीपत।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकान्त के शनिवार के प्रस्तावित आगमन को ध्यान में रखते हुए आज पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह ने शुक्रवार को राठधना रोड स्थित एक निजी यूनिवर्सिटी में पहुंचकर संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कैंपस के प्रवेश/निकास बिंदुओं, पार्किंग स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, तैनात पुलिस बल तथा अन्य संवेदनशील स्थानों का बारीकी से जायजा लिया। पुलिस आयुक्त ने मौजूद अधिकारियों को सुरक्षा कड़ी करने, समुचित तैनाती सुनिश्चित करने, आगंतुकों की आवाजाही को सुचारू रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु त्वरित प्रतिक्रिया टीम तैयार रखने के निर्देश दिए।

### जानलेवा हमले के केस में दो बालक अभिरक्षा में

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने गोली मारकर जानलेवा हमला करने के प्रकरण में संलिप्त दो अपचारी बालकों को अभिरक्षा में ले लिया है। यह कार्रवाई थाना सैक्टर 27 की पुलिस टीम ने दोनों के परिजनों की मौजूदगी में की। घटना 24 नवम्बर 2025 की रात की है, जब खान कॉलोनी निवासी साहिद ने बताया कि वह अपने दोस्त शारुख को स्कूटी पर घर छोड़ने जा रहा था। सैक्टर 12 टी-पॉइंट पर एक मोटरसाइकिल पर आए तीन नौजवानों ने तेज रफ्तार में उनकी साइड दबा दी, जिससे उनका बैलेंस बिगड़ गया।

### 12 आवेदन स्वीकृत किए और 13 होल्ड पर रखे

**गोहाना।** नगर परिषद कार्यालय में लाला डोरा वार्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति ने लाल डोरा सीमा में जमीन मालिकों के 25 आवेदनों पर मंथन किया गया। दस्तावेजों की पड़ताल की गई। दस्तावेज पूरे मिलने पर 12 आवेदन स्वीकृत किए गए और अधूरे दस्तावेज मिलने पर 13 आवेदन होल्ड पर रखे। नगर परिषद विभागीय प्रक्रिया को पूरा करके पूरे दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले लोगों को संपत्ति प्रमाण पत्र जारी करेगी।

## उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# काले शीशे व टेम्परेरी नंबर वाले वाहन चालकों पर करें कार्रवाई

*लघु सचिवालय में अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की मासिक बैठक का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

उपायुक्त सुशील सारवान ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए काले शीशे वाले वाहनों तथा टेम्परेरी नंबर लगाकर अवैध रूप से चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष चैकिंग अभियान चलाया जाए।

उन्होंने कहा कि ऐसे वाहनों पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए, क्योंकि ये नियमों का उल्लंघन करने के साथ-साथ सड़क हादसों व आपराधिक गतिविधियों की संभावनाओं को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि जिला में बिना मानक के काला शीशा लगाने, फर्जी या एक्सपायर्ड टेम्परेरी नंबरों का उपयोग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस टीमें चैकिंग अभियान चलाकर नियम तोडऩे वाले चालकों के चालान काटेंगी तथा आवश्यकता पडऩे पर वाहन भी जब्त किए जाएंगे।

- जिले में विशेष चैकिंग अभियान चलाए पुलिस




**सोनीपत।** बैठक के दौरान अधिकारियों के साथ उपायुक्त। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त सुशील सारवान ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों के साथ सडक़ सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की मासिक बैठक करते उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पर्सनल व्हीकलों का प्रयोग टैक्सी सेवा के लिए करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए आरटीओ विभाग से इंस्पेक्टर की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्सनल व्हीकल का प्रयोग टैक्सी में करना गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि टैक्सी सेवा के लिए प्रयोग किए जाने वाले वाहनों के लिए आरटीओ से अनुमति लेना तथा पीली प्लेट लगवाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाइवे पर अवैध रूप से पार्किंग के लिए खड़ा करने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई करें क्योंकि ये वाहन कई बार हादसे का कारण बनते हैं। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय के आस पास बने होटलों व दुकानों की समय-समय पर चैकिंग करें ताकि वहां पर किसी प्रकार की नशा बेचने संबंधी गतिविधि न हो। इसके साथ ही सभी एसडीएम सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत निरंतर स्कूल बसों की चैकिंग करें और नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने सर्दियों में पड़ने वाले कोहरे के मद्देनजर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर सफेद पट्टियां लगाई जाएं ताकि वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि सड़क दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति की मौत न हो इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, एसीपी राजपाल, जीएम रोडवेज संजय सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- गांव मोई निवासी था 31 वर्षीय मृतक मंजीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

जीटी रोड पर शुक्रवार को बड़ी फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार महेन्द्रा पिकअप गाड़ी ने एक बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पर पीछे बैठा युवक उछल कर फ्लाईओवर से नीचे सर्विस रोड पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक चालक भी फ्लाईओवर पर गिर कर चोटिल हो गया। गंभीर अवस्था में घायल को राहगीरों ने उसे उपचार के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

गांव मोई निवासी 31 वर्षीय मंजीत व संजू मुरथल चालक प्रशिक्षण संस्थान से ट्रेनिंग ले रहे थे। शुक्रवार को वह गांव से बाइक पर मुरथल चालक प्रशिक्षण संस्थान गए थे। वापस लौटते समय बाइक संजू चला रहा था और मंजीत बाइक पर पीछे बैठा हुआ था। जब वह बड़ी फ्लाईओवर पर पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही महिंद्र पिकअप ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। इस



गंभीर रूप से घायल हुए मंजीत की हालत जांचते राहगीर।

हादसे में मंजीत बाइक से उछल कर फ्लाईओवर से सर्विस रोड पर जा गिरा जिससे मंजीत के सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। मृतक मंजीत खेती करके परिवार का गुजारा चलाता था। मंजीत के दो छोटे बच्चे हैं। जांच अधिकारी अमरजीत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है।

### खेती करता था मंजीत

मंजीत अपने परिवार के युवक के साथ मुरथल चालक प्रशिक्षण संस्थान से ट्रैनिंग पूरी करने के बाद किसी काम के लिए संस्थान में गया था। दोनो बाइक पर सैंटर में आते थे। उन्हें क्या पता था कि वे ट्रैनिंग करने के बाद प्रमाण पत्र को भी नही ले पाएंगे।

## हिंदू राष्ट्र के वैदिक संकल्प पर जोर

# शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का सोनीपत प्रवास



**सोनीपत।** सेक्टर 14 में शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज प्रवचन करते हुए तथा उपस्थित श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का सोनीपत प्रवास सेक्टर–14 स्थित शिवा शिक्षा सदन के निदेशक अरुण वीरेंद्र बंसल के निवास पर आयोजित किया गया। बंसल परिवार ने प्रवास की व्यवस्था की। शिवा शिक्षा सदन के निदेशक अरुण वीरेंद्र बंसल ने इस अवसर पर कहा कि सोनीपत की जनता हिंदू राष्ट्र के वैदिक पुनर्निर्माण में सक्रिय सहभागी बनना चाहती है और यह प्रवास सामूहिक चेतना को एकजुट करने का विनम्र प्रयास है। गुरुजी के आगमन पर एक भव्य स्वागत-संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें 1008 दीपों की महाआरती की गई। वैदिक स्वस्ति-वाचन और 108 शिवियन्स द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक वंदना ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। शंकराचार्य जी ने कहा कि भारत तभी विश्वगुरु बनेगा जब उसका समाज संस्कृति में रमा हो, राष्ट्रधर्म में दृढ़ हो और गुरु परंपरा में विश्वास रखता हो। समाज के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर शिक्षा के माध्यम से वैदिक मूल्यों को प्रत्यारोपित करने और सोनीपत को सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र बनाने का दृढ़ संकल्प लिया।

### संगोष्ठी रही महत्वपूर्ण

प्रवास का महत्त्वपूर्ण हिस्सा दीक्षा-संस्कार और संगोष्ठी सत्र–3 रहा। इसमें शंकराचार्य ने साधकों को आत्मअनुशासन, कर्तव्य-दायित्व और चरित्र-निर्माण के सूत्र दिए। दीक्षा केवल मंत्र नहीं, बल्कि भीतर नये जीवन का उद्घाटन है। उन्होंने आधुनिक जीवन के संकटों का समाधान वैदिक दृष्टि से प्रस्तुत किया।

### पांडव कालीन कुआं और सुंदर सवारी तालाब का जीर्णोद्धार कार्य जरूरी

**सोनीपत।** महाभारत कालीन नगर में मौजूद स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय सोनीपत में बीते दिवस भारतीय शिक्षण मडल नागपुर के राष्ट्रीय सगठन सचिव, शंकारानंद बीआर, प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत के साथ पहुंचे। मौके पर ब्यूटीफिकेशन सोसायटी के सदस्य सचिव राजेश खत्री ने उनका स्वागत किया और 100 से 5000 वर्ष प्राचीन इतिहास में संबंधित जानकारी दी। यहां उन्होंने इस ऐतिहासिक धरोहर को जानने का अवसर मिला है जिसको देखकर उन्हें भारत के प्राचीन इतिहास के रूप में स्थापित हो रहे स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय सोनीपत में आकर बेहद खुशी मिली है। यहां पर प्राचीन वैदिक काल के साथ-साथ रामायण, महाभारत और ऋषि मुनियों मिट्टी कला प्राचीन ग्रामीण संस्कृति के अतिरिक्त कृषि एवं खेल देश के स्वतंत्रता सेनानी की गैलरियां बहुत ही प्रभावशाली है। उन्होंने संदेश दिया कि जिस तरह से सोनीपत ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने वाला कार्य स्थानीय निवासी राजेश खत्री ने इसे स्थापित करने के लिए किया है वास्तव में ही अद्भुत है। जिसके लिए प्रशासन भी बधाई का पात्र है। भारत के हर जिले में ऐसा धरोहर संरक्षक का कार्य होना अति आवश्यक है।

# दीपावली सजावट मामले में नपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद में ठनी





**गन्नौर।** प्रेसवार्ता करते पूर्व पार्षद अंकित और नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी।

- प्रेसवार्ता कर दोनों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

दीपावली पर गन्नौर को सजाने को लेकर वीरवार को जहां नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने दीपावली पर शहर को सजाने को लेकर नपा द्वारा ठेकेदार को पेमेंट देने की सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करवाई थी। वहीं नगरपालिका के पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ने प्रेसवार्ता कर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी पर कई गंभीर आरोप लगाए।

मल्होत्रा ने कहा कि 2022 और 2023 में नपाध्यक्ष ने गन्नौर शहर केवल अपने सपनों में सजाया, जबकि हकीकत में सजावट नाम की कोई व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने दावा किया कि 2024 और 2025 में दीपावली पर गन्नौर की चमक बढ़ी तो वह स्थानीय विधायक के प्रयासों से संभव हुआ। उधर, दीपावली सजावट को लेकर लगे आरोपों पर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने भी प्रेसवार्ता कर पलटवार किया। नपाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा दुष्प्रचार कर रहे हैं। चार वर्षों से हर दीपावली पर गन्नौर को बेहतरीन तरीके से सजाया जा रहा है। 2022 और 2023 में 4 लाख 84 हजार व 8 लाख 38 हजार रुपये खर्च कर पहली बार पूरे शहर को तिरंगा थीम पर लाइटों से सजाया गया था नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के सक्रिय सदस्य हैं। नगरपालिका चुनाव में गन्नौर की जनता ने उन्हें प्रदेश में सबसे अधिक वोटों से विजयी बनाकर नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी दी थी।

### अमेरिका भिजवाने के नाम पर परिवार से 58.50 लाख रुपये ठगे

**गोहाना।** गांव मुंडलाना के युवक को अमेरिका भिजवाने का झांसा देकर परिवार से 58.50 लाख रुपये ठग लिए। उसे अमेरिका की जगह दुबई और लीबिया भेज दिया गया। अमेरिका न पहुंच पाने पर वह अक्टूबर 2024 में वापस भारत आया। आरोपित अब रुपये वापस नहीं लौटा रहे हैं। करनाल में गांव सिधपुर के अरुण, वेदप्रकाश, बलवंत, सुलेखा, रेनू, आशा, गांव बुटानी के अमित व गांव अलेवा खांडा के अमित मास्टर पर केस दर्ज किया गया।

मुंडलाना के देवेंद्र ने बताया कि वह अपने भतीजे राहुल को पढ़ाई के लिए अमेरिका भेजना चाहता था, जिसके लिए अपने रिश्तेदार रोशन से बातचीत की। उसने कहा कि वह राहुल को अमेरिका भिजवा देगा और एजेंट वेदप्रकाश, बलवंत व अमित को लेकर उसके घर आया। वेदप्रकाश ने दुबई में अपने बेटे अरुण से बातचीत कराई और कहा कि तीन-चार माह में पढ़ाई के बेस पर अमेरिका पहुंच जाएगा। इसके लिए 51 लाख रुपए में सौदा हुआ। 15 दिसंबर 2023 को वेदप्रकाश व उसका भाई बलवंत, अमित व रोशन को साथ लेकर गांव मुंडलाना आए।

## ग्रामीणों का आशीर्वाद ही मेरी असली ताकत : विधायक

**राई।** राई विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए शुक्रवार को विधायक कृष्णा गहलावत ने लाखों रुपये की लागत से कई सड़कों व रास्तों के नवीनीकरण कार्यों का उद्घाटन किया। विधायक ने सबसे पहले गांव पतला से सेवली तक सड़क नवीनीकरण कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने गांव झुंडपुर से टांडा तक रोड के पुनर्निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। साथ ही, झुंडपुर में खेवड़ा रोड से नंबरदार के खेत तक तथा कृष्ण कत्याल के खेत से यमुना बांध तक जाने वाले मार्ग को भी विकास कार्यों के लिए अनुमोदित किया गया। इसके अतिरिक्त भाटिया के खेत से सतपाल के खेत तक जाने वाले रास्ते का भी उद्घाटन किया गया।



विधायक कृष्णा गहलावत का कार्यक्रम में ब्लाक समिति चेयरपर्सन आशा रानी स्वागत करते हुए।

## विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन सफलता की कुंजी : निर्मल

**राई।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेवड़ा में बुधवार को वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर ने शिरकत की। विद्यालय पहुंचने पर खंड शिक्षा अधिकारी राई योगेश चंद्र ने एसडीएम को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। एसडीएम निर्मल नागर ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरण के बाद संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को सदैव अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए और जीवन में लक्ष्य निर्धारित करके कड़ी मेहनत करनी चाहिए। अपनी प्रारम्भिक शिक्षा का स्मरण करते हुए एसडीएम नागर ने बताया कि उन्होंने भी अपनी शिक्षा सरकारी स्कूल से ही आरंभ की थी।

- खेवड़ा गांव के राजकीय आदर्श संस्कृति स्कूल का वार्षिक उत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह



**राई ।** एसडीएम निर्मल नागर स्कूल के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते, साथ में नेता संजय आंतिल व शिक्षक।

## सहकारिता मंत्री ने गोहाना रेलवे जंक्शन पर रेल यात्रियों से साधा सम्पर्क

# हर घर स्वदेशी अभियान से भारत बनेगा मजबूत : अरविंद

- हर घर स्वदेशी अभियान को देंगे रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, जिसे पूरा करने में हर भारतीय का योगदान होगा।

स्वदेशी उत्पादों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने से जो बदलाव आएगा, उससे न केवल स्थानीय दुकानदार मजबूत होंगे, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा हर घर स्वदेशी अभियान से जन-जन की भलाई होगी। शुक्रवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत रेल यात्रियों के साथ सम्पर्क करने सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा गोहाना रेलवे जंक्शन पर पहुंचे और प्रदेश महामंत्री (संगठन) फणीन्द्रनाथ शर्मा, गोहाना भाजपा जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल, जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि इंद्रजीत विरमानी के साथ रोहतक से गोहाना, पानीपत होते हुए जींद जाने वाली सवारी गाड़ी व सोनीपत से गोहाना होते हुए जींद जाने वाली सवारी रेलगाड़ी की सवारियों से सम्पर्क करते हुए संवाद किया व पत्रक बांटे।



**गोहाना।** रेलवे जंक्शन पर यात्रियों से संवाद करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

इस अवसर पर डॉ. धर्मबीर नांदल, रामधारी जिंदल, रामधन भारतीय, सुनील मेहता, बलराम कौशिक, सत्यनारायण गुप्ता, डॉ. रमेश कश्यप, नरेन्द्र बंसल, भूपेन्द्र मुद्गिल, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, प्रवीण खुराना, धुला राम, राजू पटवा, रीना शर्मा, सुमित कक्कड़, हवा सिंह वर्मा, बबलू वाल्मीकि व जगवीर जैन उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने लाखनमाजरा व बहादुरगढ़ में 2 खिलाडिय़ों के दुर्भाग्यपूर्ण निधन को बड़ी क्षति बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरे घटनाक्रम को लेकर गम्भीर हैं और भविष्य में ऐसी पुनरावृति नहीं होने दी जाएगी। भारत वर्ष 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

### विकसित हो रहा गोहाना जंक्शन

*पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना रेलवे जंक्शन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जा रहा है, जिस पर 25 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने रेलयात्रियों के अनुरोध पर रेलवे फुट ओवरब्रिज को देवीपुरा पार्क तक विस्तार देने और देवीपुरा की तरफ 5 फुट रास्ता खोलने के लिए स्टेशन मास्टर को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वो खुद इसकी पैरवी करेंगे और शीघ्र इसे पूरा करवाएंगे।*

# ऑनरी निरिक्षक को दी सेवानिवृत्ति पर विदाई



**सोनीपत।** सोनीपत में आयोजित एक विदाई समारोह में पुलिस आयुक्त ममता सिंह व पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन सोनीपत कुशल पाल, सहायक पुलिस आयुक्त अजीत सिंह एवं अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने सेवानिवृत होने वाले निरिक्षक दिलबाग को उनकी लम्बी सेवाओं के उपरांत भावभीनी विदाई दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। इस समारोह में कल्याण शाखा सोनीपत में तैनात निरीक्षक जसमेर, लाईन अफसर, पुलिस प्रवक्ता, प्रवाचक, पुलिस लाईन मोहर्र व अन्य पुलिस कर्मचारी भी मौजूद रहे।इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए कल्याण शाखा सोनीपत में तैनात निरीक्षक जसमेर ने बतलाया कि पुलिस विभाग के एक निरीक्षक दिलबाग पुलिस विभाग को अपनी लम्बी सेवाएं देकर आज सेवानिवृत हुए हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले निरीक्षक दिलबाग को पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह ने सम्मान चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित भी किया।